प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

05.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग आज 11 राज्यों के उन जिलों के चुनाव अधिकारियों और निगम आयुक्तों के साथ बैठक करेगा जहां पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत सबसे कम रहा था। नई दिल्ली में होने वाली इस बैठक में मतदान प्रतिशत बढाने के उपायों पर विचार–विमर्श होगा। देश के कुछ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कम मतदान के मुद्दे के समाधान के लिए लक्षित और विशिष्ट कार्य योजनाएं तैयार की जाएंगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कई बार शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता और ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन के मुद्दे को कम मतदान प्रतिशत का कारण बताया है।

अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर कल से हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वे बिलासपुर व उना जिला का दौरा करेंगे। कल वे बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यालय में होने वाले त्रिदेव सम्मेलन और श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के जगात खाना में एस सी मोर्चा सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके अलावा वे घवंडल और श्री नयना देवी में स्थानीय कार्यक्रम में शिरकत भी करेंगे। उनका उना विधानसभा क्षेत्र के बस देहरा में और हरोली विधानसभा क्षेत्र के सलोह में एस सी मोर्चा सम्मेलन में भाग लेने का कार्यक्रम है।

प्रदेश हाईकोर्ट

प्रदेश हाईकोर्ट ने मंडी–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्य में देरी पर एन एच ए आई सहित लोक निर्माण विभाग को फटकार लगाई है। मुख्य न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने कहा कि इस राजमार्ग की स्थिति खराब है और कई स्थानों

पर भूस्खलन के कारण मलबा नहीं उठाया गया है जिससे बरसात में आम जनता की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। अदालत ने लोक निर्माण विभाग को स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार और एन एच ए आई को बरसात से पहले सड़क की मरम्मत पूरा करने के आदेश दिए। इसके अलावा सभी मुददों पर एन एच ए आई से अगली सुनवाई तक हलफनामा दायर करने को भी कहा गया है। मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी।

शिंकुला टनल

सामरिक महत्व की मनाली दारचा पदुम नीमू लेह सड़क पर बन रही विश्व की सबसे ऊंची शिंकुला टनल का निर्माण कार्य जून महीने से शुरू किया जाएगा। सीमा सड़क संगठन ने कम्पनी को लगभग 1700 करोड़ की लागत से बनने वाली इस टनल का टेंडर दिया है। बी आर ओ की योजक परियोजना के मुख्य अभियंता आर के साहा ने शिंकुला दर्रे पर नीमू पदुम दारचा सड़क बहाली के मौके पर मीडिया से बातचीत में ये जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की ओर से टनल निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। 16 हजार फुट की ऊँचाई परशिंकुला दर्रे के नीचे बनने वाली इस टनल से लेह तक पहुँचने के लिये भारतीय सेना की पहुँच आसान होगी। 4 किलोमीटर लंबी इस टनल को वर्ष 2027 तक निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। ..

<u>स्वीप कार्यक्रम</u>

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम—स्वीप के तहत प्रदेश में विभिन्न जागरूकता आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कल शिमला जिले के विकास खण्ड कुपवी, रोहडू विधानसभा क्षेत्र और ननखड़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मझोली टिप्पर में सघन मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान के तहत महिलाओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

मंडी जिले के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व एस डी एम ओम कांत ठाकुर ने बताया कि नए मतदाताओं का पंजीकरण और मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए सदर विधानसभा मंडी का व्हाट्सएप चैनल शुरू किया गया है।

ऊना जिले में चुनावों में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ स्वीप टीमें जन जन तक पहुंच रहीं हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल के निर्देशानुसार यह टीमें रोचकता और मनोरंजन से भरे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का काम कर रही हैं।

वहीं चंबा जिले के जनजातीय उप मंडल भरमौर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कल मिशन 414 के तहत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....</u>

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **दैनिक जागरण** ने लिखा है **जयराम अपने विधायकों को बिकने से बचाएं। दैनिक भास्कर** के शब्द हैं **15—15 करोड़ में बिका एक—एक बागी विधायक, हमारे पास प्रूफ हैं, जल्द ही जेल जाएंगे। आपका फैसला** का शीर्षक है **एक—एक विधायक ने 15 करोड़ में बेचा अपना ईमान—धर्म। दैनिक सवेरा टाइम्स** ने लिखा है **9 विधायक 15—15 करोड़ में बिके, हमारे पास पूरे सबूत, जल्द करेंगे खुलासा।**

हाईकोर्ट के फैसले से जुड़ी खबर को **पंजाब केसरी** और **दैनिक भास्कर** ने लगभग एक जैसा शीर्षक दिया है **मंडी—मनाली के बीच पुराने नेशनल हाइवे की दयनीय स्थिति पर पी डब्ल्यू डी को फटकार।**

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से रायजादा करेंगे अनुराग का सामना तो भुटटो के मुकाबले विवेक विक्कू को टिकट पंजाब केसरी की एक खबर है।

हाईकोर्ट में 5 अफसरों को प्रमोशन दैनिक भास्कर की एक खबर है। **हिमाचल दस्तक** ने लिखा है **हाई कोर्ट के पांच अधिकारी पदोन्नत।**

खत्म होगी कॉन्ट्रैक्ट पालिसी शीर्षक से **दिव्य हिमाचल** ने लिखा है हिमाचल में सरकारी भर्तियों के अब वैकल्पिक नीति बनाने पर काम शुरू।

मौसम की खबर को **आपका फैसला** ने शीर्षक दिया है **बर्फ की दीवारों को काटकर 45 दिन बाद बहाल हुआ शिंकुला दर्रा। अमर उजाला के शब्द हैं बी आर ओ ने 45 दिन में बहाल किया शिंकुला दर्रा, यातायात शुरू।**